मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः13.03.2026

थाना जिगना व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ₹ 25 हजार के ईनामिया अभियुक्त (शातिर गो-तस्कर) गिरफ्तार, कब्जे से मोटर साइकिल व 40 हजार रूपये बरामद—

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा गो-तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सहित इनामियां अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिया गया है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना जिगना व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। दिनांक 27.01.2026 को थाना लालगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0-22/2026 धारा 319(2),318(4),336(3),340(2) बीएनएस, 3/5ए/8 गौ हत्या निवारण अधि. व 11 पशु क्रूरता का निवारण अधि. तथा थाना सन्तनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-22/2026 धारा 3/5ए/8/5 गौ हत्या निवारण अधि. से सम्बन्धित ₹ 25 हजार के ईनामियां वांछित अभियुक्त मनीष उर्फ सोनू पटेल पुत्र श्याम बहादुर पटेल निवासी सोनवर्षा थाना लालगंज जनपद मीरजापुर को थाना जिगना क्षेत्रांतर्गत पाली बार्डर के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना जिगना पुलिस द्वारा नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया। उपरोक्त दोनों अभियोगों से सम्बन्धि पूर्व में अभियुक्त के पिता श्याम बहादुर पटेल (वर्तमान ग्राम प्रधान सोनवर्षा) सहित कुल 05 अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय/जेल भेजा जा चुका है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त —

मनीष उर्फ सोनू पटेल पुत्र श्याम बहादुर पटेल निवासी सोनवर्षा थाना लालगंज जनपद मीरजापुर, उम्र करीब 30 वर्ष।

बरामदगी विवरण-

01 अदद मोटर साइकिल, 01 मोबाइल फोन व तस्करी से प्राप्त 40 हजार रूपये बरामद।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह मय पुलिस टीम थाना जिगना जनपद मीरजापुर।

निरीक्षक राजीव कुमार सिंह – प्रभारी एसओजी मय पुलिस टीम।

उत्तर प्रदेश पुलिस